राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

—:प्रेस नोट:—

दिनांक: 24.08.2023

आयोग द्वारा निकट भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के अभ्यर्थियों हेतु महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किये गये हैं जो कि निम्नानुसार है—

वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं में प्रत्येक प्रश्न के 5 विकल्प दिये जाएंगे। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए 5 में से केवल एक गोले को ओएमआर शीट पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा कर भरना होगा। **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प को भरना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है तो 5 वें विकल्प Question Not Attempted / अनुत्तरित प्रश्न का चयन कर भरना होगा। किसी भी विकल्प का चयन न करने पर ऐसे प्रश्न के प्रश्न—अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में किसी भी विकल्प का चयन नहीं किया जाता है तो उसे उस परीक्षा हेतु अयोग्य माना जाएगा।**

समस्त प्रश्नों में किसी एक विकल्प का चयन कर उसे भर दिया गया है यह सुनिश्चित करने के लिए **5 मिनट का अतिरिक्त समय** भी अभ्यर्थियों को दिया जाएगा।

अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्ति पर पूरी ओएमआर शीट वीक्षक को सौंपनी होगी। वीक्षक इसकी मूल प्रति को स्वयं के पास जमा कर कार्बन प्रति को सावधानीपूर्वक अलग करते हुए परीक्षार्थी को देंगे। इस कार्बन प्रति को परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकेगा। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक परीक्षार्थी को **इस कार्बन प्रति को सुरक्षित रखना होगा एवं आयोग द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।**

(रामनिवास मेहता)
सचिव